## सिटी बाइट्स

### स्कॉर्पियो की ठोकर से बच्चे की मौत, एसएच-58 जाम

**उदाकिशुनगंज (मधेपुरा).** नगर परिषद क्षेत्र के जमुनिया वार्ड संख्या 22 स्थित लक्ष्मीपुर-जमुनिया टोला के पास एसएच-58 पर मंगलवार सुबह स्कॉर्पियो की ठोकर से सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी. हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को एसएच-58 पर रखकर जाम कर दिया. ग्रामीण दोषी चालक की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को मुआवजा और सड़क सुरक्षा के स्थायी इंतजाम की मांग पर अड़े रहे. बाद में बीडीओ गुलजारी कुमार पंडित और थानाध्यक्ष सुधाकर कुमार के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ. मृतक की पहचान नुनूलाल मलाकार के सात वर्षीय पुत्र विवेक कुमार के रूप में हुई है. वह चार भाइयों में सबसे छोटा था. बताया कि मंगलवार सुबह विवेक आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई करने जा रहा था. इसी दौरान स्कॉर्पियो ने धक्का मार दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे. आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर एसएच-58 जाम कर दिया.

### मुजफ्फरपुर जा रही शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**मैरवा (सीवान).** मैरवा पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है. सोमवार की रात धरनी छापर चेकपोस्ट पर हुई सघन जांच के दौरान पुलिस ने एक ऐसे ट्रक को पकड़ा है, जो बिहार से उत्तर प्रदेश बालू लेकर जाता था. वापसी में वह उत्तर प्रदेश से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर आ रहा था.

### दुखद. ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया रोड जाम, टेलर का शीशा तोड़ा

# दवा लाने जा रहे दंपती को टेलर ने रौंदा, मौत

प्रतिनिधि, आरा

चरपोखरी थाना क्षेत्र के बालबांध सूर्य मंदिर के समीप मंगलवार की सुबह बेलगाम टेलर ने दवा लाने जा रहे बाइक सवार दंपति को रौंद दिया. हादसे में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद भाग रहे चालक को स्थानीय ग्रामीणों ने दौड़कर दबोच लिया. उधर, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा. आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बालबांध सूर्य मंदिर के समीप दोनों शव को सड़क के बीच रख जाम कर दिया. वही टेलर का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया. करीब साढ़े पांच घंटे तक जाम रहने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लगी गयी. पुलिस ने लोगों को समझा-बूझाकर जाम हटवाया. तब परिचालन शुरू हो सका. पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया. पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर टेलर को जब्त कर लिया. जानकारी के अनुसार मृतकों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के बहरी गांव निवासी 30 वर्षीय अर्जुन पाल एवं उनकी 25 वर्षीया पत्नी रानी देवी शामिल है. इधर, मृतक के अर्जुन पाल के नाना रामप्रवेश पाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपनी पत्नी रानी देवी के साथ दवा के लिए बाइक द्वारा आरा जा रहा था. उसी दौरान बालबांध गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप बेलगाम टेलर ने उन्हें रौंद दिया. जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. बताया जाता है कि मृतक अर्जुन पाल अपने दो भाई व दो बहन में बड़ा था. उनकी शादी वर्ष 2018 में हुई थी. शादी के सात साल बीत जाने के बाद उन्हें कोई संतान नहीं थी.

### इलाज कराने जा रहे साइकिल सवार पिता-पुत्र को स्कॉर्पियो ने कुचला, दोनों की मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद).** थाना क्षेत्र के पटना-गया एनएच-22 स्थित वीर्रा मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में साइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत हो गयी. तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने पीछे से साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि गंभीर रूप से घायल पुत्र ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-22 जाम कर दिया. करीब चार घंटे तक सड़क जाम रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी और यातायात पूरी तरह बाधित रहा. मृतकों की पहचान अकौना गांव निवासी रामविनोद पासवान व उनके छोटे पुत्र मोनू कुमार के रूप में हुई है. बताया जाता है कि मोनू कैंसर से पीड़ित था और रामविनोद उसे इलाज के लिए पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान ले जा रहे थे. दोनों साइकिल से मखदुमपुर रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए निकले थे. इसी दौरान वीर्रा मोड़ के समीप पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि रामविनोद पासवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि गंभीर रूप से घायल मोनू कुमार को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल, जहानाबाद पहुंचाया. चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया, लेकिन एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी.

### हत्यारोपी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

**लखीसराय.** जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम राजन कुमार की कोर्ट ने पिपरिया थाना कांड संख्या 31/19 सह सेशन नंबर 202/19 के तहत मंगलवार को हत्याकांड की सुनवाई करते हुए आरोपी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है. अपर लोक अभियोजक हरेराम शर्मा ने बताया कि पिपरिया थाना क्षेत्र के वलीपुर गांव निवासी रामउदित सिंह के पुत्र विजय सिंह के अनुसार 21 अप्रैल 2019 को संध्या छह बजे भाई अजय सिंह के साथ अपने बंगले पर बैठे थे. उसी समय उनलोगों को जानकारी मिली की कुछ लोग उनकी खेत में लगे मिर्च को तोड़ रहे हैं. विजय सिंह व अजय सिंह खेत पर जाकर उनलोगों को अपने खेत से मिर्च तोड़ने से मना किया तो उदय सिंह ने विजय सिंह को पटक दिया. भाई ने बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ मौजूद उमेश सिंह एवं नरेश सिंह ने उसको पटक दिया.


## पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

अंचल कार्यालय -चम्पारण, SAM विभाग, उज्जवल कॉमप्लेक्स, चाँदमारी चौक, मोतिहारी-845401, ई-मेल : cochamprecovery@pnb.bank.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (ई नीलामी बिक्री सूचना)**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना. एतद द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार (ओं) को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को संरक्षित / सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक /भौतिक/सांकेतिक (जो भी लागू हो) जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है. संबंधित उधारकर्ता(ओं) और जमानतदा(रों) से बैंक /सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये तालिका में उल्लेखित तिथि पर ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और "जिस अवस्था में है" के आधार पर बेचा जाएगा. सुरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित है.

**सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची**

**ई नीलामी की तिथि : 17.07.2026 (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 17.07.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक)**

| क्रम सं0 | शाखा का नाम / खाता का नाम / नाम एवं पता उधारकर्ता/ गारंटर के खाते का | बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम [संपत्ति(यों) के बंधककर्ता]- | ए) मांग सूचना कि तिथि U/S 13(2) बी) बकाया राशि 13(2) नोटिस तिथि को सी) कब्जा तिथि U/S 13(4) डी) कब्जे की प्रकृति- प्रतिकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | ए)सुरक्षित मूल्य- बी) ईएमडी सी) बीड वृद्धि की राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | भार का विवरण- सुरक्षित लेनदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएनबी-डुमरा (902400) / मो0 गुलाब (902400NC00000163) / **मो0 गुलाब, पिता-मो0 बदरे आलम** वार्ड नं0-14, बनगाँव बाजार, बजाजपट्टी, सीतामढ़ी-843314 **मो0 बदरे आलम पिता मो0 मुस्लिम** ग्राम-गेनपुर, बनगाँव बाजार, पोस्ट एवं थाना-बजाजपट्टी, सीतामढ़ी-843314 | आवसीय मकान जिसका क्षेत्रफल 4 डिसमील जिसका मौजा-बनगाँव, अंचल एवं थाना-बजाजपट्टी, थाना नं0-108, खाता नं0-3364, सर्वे नं0-573, सब डिविजनल कार्यालय-पुपरी, जिला-सीतामढ़ी. **चौहद्दी** : उत्तर-रोड, दक्षिण-प्रकाश महतो, पूरब-मुनचुन देवी, पश्चिम-फैज अली, सेल डीड नं0-3089, दिनांक 15.06.1990 **स्वामी / बंधककर्ता** : मो0 बदरे आलम, पिता-मो0 मुस्लिम | ए) 07.08.2025 बी) रू0 2052572.41/- 31.07.2025 को+ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.08.2025 से पूर्ण भुगतान तक सी) 23.10.2025 डी) प्रतिकात्मक | ए) रू0 17,84,000/- बी) रू0 1,78,400 /- सी) रू0 20,000/- | 17.07.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक | ज्ञात नहीं. |

**नियम व शर्तें** : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा.

1. संपत्तियां ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और "जिस अवस्था में है" के आधार पर बेची जा रही हैं.
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा.
3. बिक्री वेबसाइट https://BAANKNET.COM पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **17.07.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक** अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी और सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि की जायेगी.
4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया Website https://baanknet.com & www.pnbindia.in पर जाएं.

स्थान-मोतिहारी
दिनांक : 30.06.2026

श्री रंजीत कुमार,
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)

**STATUTORY 15 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 9(1) OF THE SARFAESI ACT, 2002**


### स्कूल बस की चपेट में आने से छात्र की मौत

**उचकगांव (गोपालगंज).** थाना क्षेत्र के छोटका सांखे गांव में एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है. स्कूल से घर लौट रहे एक मासूम बच्चे को एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इस हृदय विदारक घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है. छात्र छोटका सांखे गांव निवासी मोहम्मद वैस के सबसे छोटे पुत्र अदनान थे.

अदनान स्थानीय सर्वोदय विद्यालय में पढ़ाई करता था. घटना के वक्त वह स्कूल में छुट्टी होने के बाद अपनी बड़ी बहन के साथ साइकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था. उसकी बड़ी बहन साइकिल चला रही थी और अदनान पीछे बैठा हुआ था. जैसे ही दोनों भाई-बहन "पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय सांखे राम दास" के समीप पहुंचे, तभी अचानक एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी. बस की टक्कर इतनी भयानक थी कि अदनान अपनी बहन के साथ साइकिल से असंतुलित होकर सीधे पक्की सड़क पर गिर गया.

### दर्द का इंजेक्शन लगने के बाद महिला की मौत

**कुचायकोट (गोपालगंज).** थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव की महिला के कंधे में दर्द होने के इलाज के लिए दवा दुकान से लेकर दवा व इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी स्थिति बिगड़ गयी. उसे कुचायकोट अस्पताल ले जाया गया डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतका की पहचान वीरेंद्र प्रसाद की पत्नी रीना देवी 35 वर्ष के रूप में हुई है. मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गयी. मौत के बाद ससुराल व मायके पक्ष के बीच बवाल मचा है. सुसराल पक्ष का कहना है कि कि रीना देवी को कंधे में दर्द की शिकायत थी.
इसके बाद उन्होंने बाजार स्थित एक दवा दुकान से दवा ली और वहीं इंजेक्शन भी लगवाया. परिजनों के अनुसार, इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी. आनन-फानन में उन्हें कुचायकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गये. मृतका के पति वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि दवा और इंजेक्शन लेने के बाद ही उनकी पत्नी की तबीयत बिगड़ी.

## ठनका से खेत में काम कर रहे बुजुर्ग की मौत, दो झुलसे

प्रतिनिधि, विजयीपुर (गोपालगंज)

थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में मंगलवार को आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी. वहीं उनके दो नाती गंभीर रूप से झुलस गये. मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर गांव निवासी 55 वर्षीय महेंद्र यादव के रूप में की गयी है. वहीं, घायलों में उनके दो नाती 10 वर्षीय आदित्य कुमार यादव और आठ वर्षीय अंकित कुमार यादव शामिल हैं. दोनों का इलाज विजयीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है. महेंद्र यादव अपने दोनों नातियों के साथ गांव के समीप ही खेत में बांध लगाने (मेढ़बंदी करने) गये थे. इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज कड़क के साथ आकाशीय बिजली सीधे उसी जगह पर गिरी, जहां तीनों काम कर रहे थे. वज्रपात की चपेट में आने से महेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं दोनों बच्चे गंभीर रूप से झुलस कर अचेत हो गये.

घटना के बाद आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे. ग्रामीणों की मदद से दोनों घायल बच्चों को आनन-फानन में विजयीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है. डॉक्टरों के अनुसार, बच्चों की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बतायी जा रही है.

**परिजनों में मचा कोहराम, शव का हुआ पोस्टमार्टम**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय राजस्व कर्मचारी और विजयीपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया है. इस हृदयविदारक घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया. पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है. मृतक महेंद्र यादव की पत्नी रंभा देवी पति की मौत की खबर सुनते ही बदहवास हो गयीं और बार-बार बेहोश हो जा रही हैं. ढाढ़स बंधा रहे ग्रामीणों की आंखें भी इस दृश्य को देखकर नम हो जा रही हैं. स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित परिवार को सरकारी नियमानुसार आपदा राहत कोष से मिलने वाली सहायता राशि जल्द से जल्द दिलाने का आश्वासन दिया है.


